http://www.mpboardonline.com

# 702

## कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2019–20

## [7401-B]

# HINDI (Special)

## हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28]

[Time: 03 Hours]

[Total No. of Printed Pages: 08]

[Maximum Marks: 100]

*निर्देश :–*

(1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1X5X5=25) अंक आवंटित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक आवंटित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3 =10) अंक आवंटित हैं।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – (5X1=5)

(अ) नीरा की माँ का नाम .......................... था। (कुलेसम/कुलषम)

(ब) दिनकर जी ने जनता को जगाने के लिए .......................... का आह्वान किया है। (वीरों/कविता)

(स) सवा सेर गेहूँ के बदले महाजन ने शंकर पर .......................... गेहूँ उधार बताया। (साढ़े पाँच मन/सवा पाँच मन)

(द) 'दयनीय' शब्द में .......................... प्रत्यय है। (नीय/ईय)

(इ) वीर रस का स्थाई भाव .......................... है। (उत्साह/निर्वेद)

http://www.mpboardonline.com

प्र.2 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (5X1=5)

(अ) 'स्नेह बंध' कहानी की प्रमुख स्त्री पात्र हैं –

(i) रीता (ii) नीरा

(iii) मीता (iv) गीता

(ब) डॉ. कलाम के बचपन की शामें गुजरती थीं –

(i) प्रयाग में (ii) रामेश्वरम् में

(iii) थुंबा में (iv) जगन्नाथ पुरी में

(स) बालि ने कांख में किसे छिपा लिया था?

(i) सुग्रीव (ii) रावण

(iii) अंगद (iv) हनुमान

(द) जो किए गये उपकार को नहीं मानता –

(i) कृतज्ञ (ii) उपकारी

(iii) कृतघ्न (iv) अनुपकारी

(इ) कुण्डलियाँ छन्द मिलकर बना है –

(i) रोला और दोहा (ii) दोहा और रोला

(iii) दोहा और सोरठा (iv) दोहा और चौपाई

http://www.mpboardonline.com

प्र.3 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (5X1=5)

(अ) कवियों ने किसकी बोली का बखान किया है?

(ब) 'तत्वोपदेश' नामक ग्रंथ में किसके उपदेश संग्रहीत हैं?

(स) डॉ. रमन ने किन–किन देशों का भ्रमण किया था?

(द) 'छूमन्तर होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(इ) ओज गुण की परिभाषा लिखिए।

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए – (5X1=5)

| | |
|---|---|
| (अ) विश्वास की साँझ | (i) डॉ. नगेन्द्र |
| (ब) काठमाण्डू दर्शन | (ii) पंचवटी |
| (स) कोणार्क | (iii) गिरिजा कुमार माथुर |
| (द) 'घर' का तत्सम् | (iv) जगदीश चन्द्र माथुर |
| (इ) खण्डकाव्य | (v) ग्रह |
| | (vi) कामायनी |
| | (vii) गृह |

प्र.5 सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – (5X1=5)

(अ) भ्रांतिमान अलंकार में झूठा निश्चय हो जाता है।

(ब) महादेवी वर्मा की पहली साथिन सुभद्रा कुमारी चौहान थीं।

(स) गोपसुता माँ पार्वती से वर के रूप में श्री कृष्ण को माँगती हैं।

(द) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को रॉयल्टी के रूप में 108 ₹ प्राप्त हुए थे।

(इ) 'पृथ्वी' शब्द का पर्यायवाची 'वसुधा' है।

प्र.6 गोपियों पर श्री कृष्ण की बंशी का क्या प्रभाव पड़ता है? (2)

<u>अथवा</u>

नौका विहार कविता में किसकी तुलना चाँदी के साँपों से की गई है?





http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.7 'कुछ न पाया जिन्दगी में' किसने किस कारण कहा है? (2)

अथवा

भूषण ने अपने छन्दों में किन–किन राजाओं की प्रशंसा की है?

प्र.8 मीरा ने हरि के चरणों की कौन–कौन सी विशेषताएँ बताई हैं? कोई दो लिखिए। (2)

अथवा

अच्छे लोग सम्पत्ति का संचय किसलिए करते हैं?

प्र.9 कबीर ने संसार को पागल क्यों कहा है? (2)

अथवा

केले के पौधे को देखकर कवि को क्या अचंभा होता है?

प्र.10 बालकृष्ण चन्द्र खिलौना लेने के लिए क्या–क्या हठ करते हैं? (2)

अथवा

कवि वीरेन्द्र मिश्र ने सूरज के रथ को धीमा–धीमा क्यों बताया है?

प्र.11 धर्मपद कौन था? वह विशु से क्यों मिलना चाहता था? (2)

अथवा

'मर्यादा' एकांकी में सपना देखने से पहले जगदीश क्या सोचता था?

प्र.12 भोलाराम की जीवात्मा कहाँ अटकी थी? वह स्वर्ग क्यों नहीं जाना चाहता था? (2)

अथवा

लेखक ने सुबह और साँझ की तुलना माता–पिता के किन गुणों से की है?

प्र.13 ईश्वर रूप हुए बिना मनुष्य को क्या नहीं मिलता? (2)

अथवा

पुरस्कार में मिले चाँदी के कटोरे को देकर लेखिका को दुःख के साथ–साथ प्रसन्नता भी थी। क्यों? http://www.mpboardonline.com

प्र.14 नेपाल में लेखक के ठहरने की व्यवस्था क्या थी? (2)

अथवा

कर्मयोगी लाल बहादुर शास्त्री के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए – (2)

(अ) धोखा नहीं खाई थी मैंने आज तक।

(ब) इतना मीठा चाय मैं नहीं पी सकता हूँ।

<u>अथवा</u>

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए –

(अ) जिसके समान दूसरा न हो।

(ब) संसार से संबंधित।

प्र.16 काव्य की कोई एक परिभाषा लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

महाकाव्य किसे कहते हैं?

प्र.17 'समय का मोल' आलेख के अनुसार जीवन का लक्ष्य क्या होना चाहिए? (3)

<u>अथवा</u>

'बन्दी पिता का पत्र' पत्र के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?

प्र.18 संदेह अलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखिए। (3)

<u>अथवा</u>

वात्सल्य रस की परिभाषा व उदाहरण लिखिए।

प्र.19 भाव विस्तार कीजिए – (3)
परिस्थितियाँ सदैव एक सी नहीं रहती हैं।

<u>अथवा</u>

प्रश्नवाचक चिह्न कहाँ लगाया जाता है? उदाहरण सहित समझाइए।

प्र.20 भक्ति आन्दोलन की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

<u>अथवा</u>

रीतिकाल की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.21 आत्मकथा और जीवनी में कोई चार अन्तर लिखिए। (4)

अथवा

हिन्दी गद्य साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बाँटा गया है? समयावधि सहित नाम लिखिए।

प्र.22 शिवमंगल सिंह 'सुमन' अथवा तुलसीदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित विंदुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(अ) दो रचनाएँ
(ब) भावपक्ष
(स) कलापक्ष
(द) साहित्य में स्थान

प्र.23 जगदीश चन्द्र माथुर अथवा रामचन्द्र शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित विंदुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(अ) दो रचनाएँ
(ब) भाषा
(स) शैली
(द) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए – (4)

तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान।

कहि रहीम पर काज हित, संपति सँचहि सुजान।।

अथवा

आज सड़कों पर लिखे हैं सैकड़ों नारे न देख,

घर अँधेरा देख तू आकाश के तारे न देख।

एक दरिया है यहाँ पर दूर तक फैला हुआ,

आज अपने बाजुओं को देख पतवारें न देख।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.25 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए – (4)

माँ जब देती है, वतन जब देता है, तो हमें उस समय कहाँ सुधि रहती है कि हम कुछ पा रहे हैं, उस समय तो हमारा धीरे–धीरे पलना, बढ़ना और इनके प्यार का बरसना–एक साथ घटित होते रहते हैं, मानों उनका देना ही हमारा आकार वन रहा हो।

**अथवा**

कालिदास वजन ठीक रख सकते थे, क्योंकि वे अनासक्त योगी की स्थित–प्रज्ञता और वद प्रेमी का हृदय पा चुके थे। कवि होने से क्या होता है? मैं भी छन्द वना लेता हूँ, तुक जोड़ लेता हूँ और कालिदास भी छन्द वना लेते थे, तुम भी जोड़ ही सकते होगे– इसलिए हम दोनों एक ही श्रेणी में नहीं हो जाते।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

मानव विवेक ही उसे सुख–शांति के द्वार तक ले जाता है। मानव की सद्‌बुद्धि यदि उसकी उन्नति का कारण बनती है, तो उसकी दुर्बुद्धि उसके पतन का कारण बनती है। मानव के पास बुद्धि का अपार भण्डार है। अपने बुद्धि–बल के कारण ही वह अन्य चराचरों से श्रेष्ठ है। आहार, निद्रा, भय और मैथुन तो पशुओं में भी पाया जाता है। पशु–वर्ग से यदि मानव श्रेष्ठ है, तो केवल बुद्धि–बल के कारण। अपने बुद्धि–चातुर्य के कारण ही आज के मानव ने प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है और कल तक असंभव समझे जाने वाले कार्यों को संभव कर दिखाया है।

प्रश्न – http://www.mpboardonline.com

(अ) मानव को सुख–शांति के द्वार तक कौन ले जाता है? (1)

(ब) मानव के पतन का कारण क्या है? (1)

(स) मनुष्य ने किसके कारण प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है? (1)

(द) गद्यांश में आये ऐसे दो शब्द छाँटिए जिनके विलोम शब्द भी गद्यांश में आए हैं। (1)

(इ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.27 बुक–बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। (5)

अथवा

वाद–विवाद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए– (7)

(i) समाचार पत्र का महत्व

(ii) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(iii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iv) जल संरक्षण

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) जीवन में खेलों का महत्व

(ii) स्वच्छ भारत अभियान

(iii) साहित्य और समाज

(iv) मेरा प्रिय खेल

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

---

**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**


http://www.mpboardonline.com